(प्रेस विज्ञप्ति)

कैटलिस्ट कॉलेज ने आयोजित किया ‘जश्न–ए–आग़ाज़’ कार्यक्रम

नियाज़ी बंधु के सूफ़ी गीतों तथा कव्वाली पर झूमते रहे छात्र

‘अल्लाह हु – अल्लाह हु, छाप-तिलक सब छीनी, मेरा पिया घर आया, दमा-दम मस्त कलंदर’ कव्वाली पर झूमते रहे छात्र

‘हाथ खोलो तो अल्लाह-अल्लाह – हाथ जोड़ो तो राम-राम’

तालियों को गड़गड़ाहट और सूफ़ी गीतों पर झूमते हुये लोग - यही माहौल था आज ‘जश्न -ए आगाज़’ कार्यक्रम ने | कार्यक्रम का आयोजन कैटलिस्ट कॉलेज (सिमेज समूह से सम्बद्ध) द्वारा राजधानी पटना के रवीन्द्र भवन में किया गया था | इसमे भाग लेने के लिए दिल्ली से देश के जाने माने क़व्वाल नियाज़ी बंधु आए थे, जिन्होने अपने सूफ़ी गीतों और कव्वाली से दर्शकों का जी भर के मनोरंजन किया |

कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे से हुई | कार्यक्रम की शुरुआत कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक प्रो॰ नीरज अग्रवाल, डायरेक्टर-ऑपरेशन मेघा अग्रवाल, स्पीक मैके के बिहार के स्टेट कोर्डीनेटर मनीष ठाकुर तथा नियाज़ी बंधु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वल्लित करके की | इसके पश्चात कैटलिस्ट कॉलेज ने निदेशक प्रो॰ नीरज अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित किया | उन्होने छात्रों के मध्य कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज के भविष्य की योजनाओं के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया | उन्होने छात्रों को अगले कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि निकट भविष्य में कैटलिस्ट कॉलेज कॉलेज में होली के अवसर पर ‘होली मेंला’ का आयोजन करेगा तथा उसके पश्चात कॉलेज द्वारा छात्रों के लिए बैडमिंटन तथा कबड्डी की प्रतियोगितायें भी आयोजित कराई जाएंगी | उन्होने कैटलिस्ट कॉलेज से 300 छात्रों के दल के आई.आई.टी.(बी.एच.यू.) वाराणसी के टेक्नो-मैनेजमेंट वार्षिक कार्यक्रम ‘टेकनेक्स 2023’ के जाने की भी घोषणा की | जिसका छात्रों के समूह ने भरपूर तालियाँ बजाकर स्वागत किया | इस अवसर पर हाल में ही जयपुर के 6 दिवसीय इंडस्ट्रीयल विजिट से लौटे कैटलिस्ट कॉलेज के 30 छात्रों के दल ने भी उपस्थित छात्रों के समूह के साथ अपने संस्मरण साझा किए |

उसके पश्चात दूसरे चरण में ‘स्पीक मैके’ के संयुक्त तत्वावधान में देश के जाने-माने क़व्वाल नियाज़ी बंधु ने सूफ़ी संगीत तथा कव्वाली का कार्यक्रम प्रस्तुतु किया | उनके गीतों पर सभी छात्रों ने तालियों के शोर से हॉल गुंजा दिया | उन्होने ‘अल्लाह हु – अल्लाह हु, छाप-तिलक सब छीनी, मेरा पिया घर आया, दमा-दम मस्त कलंदर’ आदि कव्वाली गाकर लोगों का दिल जीत लिया | इस अवसर पर छात्रों का जोश देखने लायक था | कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने संगीत पर झूमकर तथा खुशी से नाचकर जश्न मनाया | कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कैटलिस्ट कॉलेज समूह के डीन प्रो॰ नीरज पोद्दार द्वारा किया गया | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज की डायरेक्टर-ऑपरेशन मेघा अग्रवाल, स्पीक मैके के बिहार के स्टेट कोर्डीनेटर मनीष ठाकुर तथा कैटलिस्ट कॉलेज के सभी शिक्षक भी मौजूद थे |

CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

Jashn-e-Aagaaz

Upgrade & Celebrate : New Beginnings & a Musical Evening

DATE & VENUE:

23RD FEBRUARY 2023 | RABINDRA BHAWAN, PATNA